दिनांक-01.05.2024

प्रेस विज्ञप्ति

रेलटेल ने स्वदेशी कवच प्रौद्योगिकी के रणनीतिक सहयोग और कार्यान्वयन के लिए क्वाड्रंट फ्यूचर टेक लिमिटेड के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए ।

****

रेल मंत्रालय के अधीन एक मिनी रत्न सीपीएसई रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (रेलटेल), ने भारतीय रेलवे और विदेशी रेलवे के लिए कवच (ट्रेन कोलिजन अवॉइडेंस सिस्टम) कार्यान्वयन परियोजनाओं की नयी बिज़नेस ओप्पेर्टूनिटी ढूंढ़ना और उनमें हिस्सा लेने के लिए क्वाड्रंट फ्यूचर टेक लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। समझौता ज्ञापन क्वाड्रंट के लिए विशेष रूप से रेलटेल के साथ साझेदारी करने के लिए कवच से संबंधित विशिष्ट लक्षित अवसर प्रदान करने के लिए रूपरेखा तैयार करता है।

कवच भारतीय रेलवे द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित आटोमेटिक ट्रैन प्रोटेक्शन (एटीपी) प्रणाली है। यह एक उच्च प्रौद्योगिकी गहन प्रणाली है, जिसके लिए उच्चतम क्रम के सुरक्षा प्रमाणन की आवश्यकता होती है। इसे जुलाई 2020 में रेल मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय एटीपी प्रणाली के रूप में अपनाया । भारतीय रेलवे के नेटवर्क पर कवच का कार्यान्वयन भारतीय रेलवे के प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में से एक है। क्वाड्रंट फ्यूचर टेक लिमिटेड कवच परियोजना के लिए एक ओईएम (ओरिजिनल इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरर) के रूप में आरडीएसओ द्वारा अंतिम अनुमोदन की प्रक्रिया में है। रेलटेल के पास रेलवे सिगनलिंग प्रणाली में विशेषज्ञों की इन-हाउस टीम है और कवच जैसी बड़े पैमाने पर उन्नयन परियोजनाओं को संभालने में पूरी तरह से सक्षम है। संयुक्त रूप से दोनों पक्ष अपनी निजी विशेषज्ञता के साथ, अब जोर-शोर से कवच परियोजना के अवसर का पता लगाएंगे।

समझौता ज्ञापन पर 01.05.2024 को रेलटेल कॉर्पोरेट कार्यालय, नई दिल्ली में हस्ताक्षर किए गए। रेलटेल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री संजय कुमार ने इस सहयोग पर उत्साह व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि रेलटेल कवच जैसी स्वदेशी सुरक्षा प्रणालियों के कार्यान्वयन के लिए भारतीय रेलवे की यात्रा में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है और विदेशों में कवच प्रौद्योगिकी के प्रसार का विदेशों में भी पता लगाएगा।

रेलटेल के बारे में- रेलटेल, एक "मिनी रत्न (श्रेणी- I)" केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम, देश के सबसे बड़े तटस्थ दूरसंचार अवसंरचना प्रदाताओं में से एक है, जिसके पास देश के कई कस्बों और शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों को कवर करने वाले पैन-इंडिया ऑप्टिक फाइबर नेटवर्क

है। ऑप्टिक फाइबर के 62000+ आरकेएम के एक मजबूत विश्वसनीय नेटवर्क के साथ, रेलटेल के पास दो स्तरीय III डेटा केंद्र भी हैं। रेलटेल एमपीएलएस-वीपीएन, टेलीप्रेसेंस, लीज्ड लाइन, टॉवर को-लोकेशन, डेटा सेंटर सेवाओं आदि जैसी सेवाओं का एक बंडल प्रदान करता है।रेलटेल के पास रेलवे सिग्नलिंग और टेलीकॉम इंजीनियरों का एक विशेषज्ञ पूल है और इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग, डिजिटल एक्सल काउंटर, टनल कम्युनिकेशन जैसी अनेक रेलवे परियोजनाओं को पूरा करने में लगा है।.

क्वाड्रंट फ्यूचर टेक लिमिटेड- "क्वाड्रंट" एक प्रौद्योगिकी और नवाचार-संचालित कंपनी है जो आईएसओ/आईआरआईएस/टीएस गुणवत्ता प्रबंधन प्रणालियों से प्रमाणित है। कंपनी के पास मोहाली (पंजाब प्रांत, भारत) में अत्याधुनिक इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण और केबल उत्पादन सुविधाएं और बैंगलोर और हैदराबाद में स्थित दो समर्पित इंजीनियरिंग केंद्र हैं।

विस्तृत जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें:
sucharita@railtelindia.com

****